BSPL SOLAR ENERGY SOLUTIONS

Regd.Office-Near Idea Tower,Near Madan Guard School, Manendragarh
Distt Manendragarh ChirimiriBharatpur CG Pin 497442
Web-https://bsplsolar.com

क्रमांक-02 दिनाँक-08/01/2026

विज्ञापन

देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा छ.ग.प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के कुशल नेतृत्व में बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली बिल का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से "**प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना**" का आरंभ किया गया है,जिसे देखते हुए प्रदेश के शत् प्रतिशत बिजली उपभोक्ताओं को योजना का लाभ प्रदान करने व हरित क्रांति की ओर रूख करने हेतु प्रदेश के विभिन्न जिलों में के विभिन्न कसबों में व्हालियंटर पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन दिनाँक 15 जनवरी 2026 की 11.59 रात्रि तक संस्था की आफसियल ईमेल आईडी "**carrier.bsplsolar@gmail.com**" के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है,जो निम्नानुसार है-

क्रमांक	पद का नाम	जिला का नाम	पदों की संख्या	पात्रता	वेतन
01	जिला समन्वयक	मनेन्द्रगढ- चिरमिरी- भरतपुर	01	स्नातक	14,000/- (समय समय पर नियमों में बदलाव संभव)
02	फील्ड स्टाफ	मनेन्द्रगढ- चिरमिरी- भरतपुर	03	12वीं	10,000/- (समय समय पर नियमों में बदलाव संभव)
03	काल सेंटर आपरेटर	मनेन्द्रगढ- चिरमिरी- भरतपुर	01	12वीं	08,000/- (समय समय पर नियमों में बदलाव संभव)
04	वार्ड व्हालियंटर	मनेन्द्रगढ- चिरमिरी- भरतपुर	250	10वीं	कार्य के आधार पर (समय समय पर नियमों में बदलाव संभव,पृथक से आदेश जारी किए जाएँगे)

नियम व शर्तें-

01. सभी आवेदकों को वेबसाईट में अपलोड किए गए प्रोफार्मा को प्रिंट कर अपने समस्त दस्तावेजों के साथ पीडीएफ बनाकर दिए गए ईमेल में निर्धारित तिथि तक ईमेल करना होगा। भेजे गए ईमेल के साथ सभी आवेदकों को स्वप्रमाणित छायाप्रति "**बीएसपीएल सोलर एनर्जी साल्यूशंस,पोस्ट आफिस मनेन्द्रगढ़ जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर छ.ग. पिन-497442**" के पते पर भेजना अनिवार्य होगा। ईमेल भेजे जाने के उपरांत पंजीकृत डाक से भेजे गए डाक से प्रेषित की रशीद पीडीएफ में संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त ईमेल पर किसी भी प्रकार की कोई भी कार्यवाही नहीं की जाएगी।

02. आवेदकों को स्थानीय होना अनिवार्य है। स्थानीय आवेदकों से आवेदन प्राप्त ना होने पर ही अन्य क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

03. विभिन्न पदों पर निर्धारित किए गए पदों की संख्या व मानदेयों की शर्तों में समय समय पर बदलाव संस्था के द्वारा कार्य के उपर निर्भर करने का पूर्ण अधिकार संस्था के पास सुरक्षित रहेगा।

04. प्राप्त आवेदनों पर स्क्रुटनी उपरांत दावा आपत्ति सूची जारी की जाएगी,जिसके उपरांत साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा,साक्षात्कार के उपरांत ही अंतिम चयन सूची जारी की जाएगी।

05. आवेदकों की आवेदन दिनाँक को न्यूनतम आयु 18 वर्ष पूर्ण कर लेना अनिवार्य होगा।

06. आवेदकों को साक्षात्कार में आने हेतु किसी भी प्रकार का कोई भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।

07. सभी पद अंशकालीन व अस्थायी होंगें।

08. काल सेंटर आपरेटर पद पर सिर्फ महिलाएँ आवेदन करें। काल सेंटर पद हेतु सिर्फ मनेन्द्रगढ़ से लगे क्षेत्रों की महिलाएँ ही आवेदन करें। महिलाओं से आवेदन प्राप्त ना होने की स्थिति में जिले के अंतर्गत आने वाले अन्य क्षेत्र के निवासियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

09. फील्ड कार्य हेतु आवेदक/आवेदिका के पास एंड्रायड मोबाईल व दो पहिया वाहन,आवेदक के पास जीवित ड्रायविंग लायसेंस,वाहन के समस्त दस्तावेज वैध होना अनिवार्य है।

10. आवेदकों को सभी जानकारियाँ ईमेल के माध्यम से ही प्रषित की जाएँगी।इसलिए अपने एक्टिव ईमेल आईडी से ही ईमेल करें। आवेदकों को अपने ईमेल नियमित रूप से चेक करने होंगें।

11. आवेदकों को आवेदित पद के स्थान पर जिस पद हेतु आवेदन किया जा रहा है उस पद का नाम,(वार्ड का नाम,ग्राम अथवा नगर पंचायत/नगरपालिका का नाम व्हालियंटर पद हेतु सिर्फ) ब्लाक एंव जिला का नाम लिखना अनिवार्य है।

12. आवेदकों को सभी जानकारी साफ सुथरी रूप से पठनीय योग्य भरनी है,अस्पष्ट व अपूर्ण फार्म स्वीकार नहीं किए जाएँगें।

13. आवेदकों को फार्म में दस्तावेज संलग्न के लिए स्थान की कमी पड़ने पर पृथक से सादे कागज पर जानकारी लिखना होगा।

14. आवेदकों से एक पद के लिए एक ही आवेदन स्वीकार किए जाएँगें,पृथक-2 पदों हेतु पृथक आवेदन भरना अनिवार्य होगा।

15. आवेदकों को पीडीएफ ईमेल करते वक्त विषय में पद का नाम,वार्ड का नाम,पंचायत का नाम जिला का नाम लिखना अनिवार्य होगा।

16. आवेदकों से आवेदन ईमेल तथा रजिस्टर्ड स्पीड पोस्ट से ही आवेदन स्वीकार किए जाएँगें,किसी कोरियर अथवा कार्यालय स्वंय आने पर किसी भी प्रकार का कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किए जॉएँगें।

(संचालक द्वारा अनुमोदित)

इस पत्र पर अनुमोदन उपरांत किसी भी प्रकार के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं।